कनेक्शनों और टर्मिनेशन वाउचरों की संख्या नीचे दी गई है:

वर्ष	जारी किए गए एल पी जी कनेक्शनों की संख्या	टर्मिनेशन वाउचरों की संख्या
1993-94	32960	-
1994-95	55100	11789
1995-96	73953	30112
1996-97	84260	51114
1997-98	96025	37428
योग:	342298	137987

तेलशोधक कारखानों की स्थापना

416. श्री रामजीलाल: क्या पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सच है कि बीना (मध्य प्रदेश) नागपट्टनम (तमिलनाडु) तथा पारादीप (उड़ीसा) में तेलशोधक कारखाने स्थापित करने का निर्णय ले लिया गया है;

(ख) यदि हां, तो निर्माण कार्य कब शुरू किया जायेगा और इसे पूरा करने का लक्ष्य क्या है; और

(ग) प्रत्येक तेलशोधक कारखाने की क्षमता क्या है?

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री संतोष कुमार गंगवार): (क) से (ग) स्थिति नीचे दर्शाई गई है:

(1) बीना रिफाइनरी: बी पी सी एल को मध्य प्रदेश में बीना में 6 एम एम टी पी ए की क्षमता की रिफाइनरी स्थापित करने के लिए अनुमोदन प्राप्त है। रिफाइनरी का निर्माण कार्य सांविधिक अनुमोदनों के प्राप्त होने के बाद ही आरम्भ किया जाएगा। रिफाइनरी परियोजना के वर्ष 2002 के अंत तक पूरा होने की आशा है।

(2) पारादीप रिफाइनरी: पारादीप रिफाइनरी की स्थापना 9 एम एम टी पी ए की क्षमता से उड़ीसा में आई० ओ० सी० द्वारा की जा रही है। निर्माण कार्य भूमि अधिग्रहण पूरा होने के बाद आरम्भ होने की आशा है। इस रिफाइनरी को 4 वर्ष में पूरा कर लिए जाने का लक्ष्य है।

(3) 0.5 एम एम टी पी ए की एम आर एल की नागापट्टनम रिफाइनरी पहले से ही प्रचालन में है।

Production of crude oil

417. MISS SAROJ KHAPARDE: Will the Minister of PETROLEUM AND NATURAL GAS be pleased to state:

(a) the targets set for the production of crude oil during 1997-98 and 1998-99 (April-September).

(b) how far these targets have been achieved; and

(c) the details of the measures taken by Government to increase production of crude oil?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF PETROLEUM AND NATURAL GAS (SHRI SANTOSH KUMAR GANGWAR): (a) & (b) The details of the targets and production of crude oil for the period 1997-98 and 1998-99 (April-September) were as under:—

Crude Oil Production
(Figs. in MMT)

	Target	Achievement
1997-98	34.01	33.858
1998-99 (April-September)	17.075	16.360*

*Provisional

(c) The measures taken to increase the production of crude oil are:—

(i) 3-D seismic survey for better understanding of the oil fields especially to identify the undrained/ by passed oil.

(ii) Developing the necessary infrastructure to facilitate optimum exploitation of reserves.

(iii) Rectificatory measures for Bombay High and Neelam Oil Fields.

(iv) Adoption of specialised technologies such as ERD, horizontal and drain hole drilling, scale removal treatment jobs & long drift side tracking of wells.

(v) Implementation of new schemes of oil/gas development.

(vi) Improving the recovery percentage from the producing fields.

(vii) Reducing R/P ratio of fields having high R/P.

(viii) Sound reservoir management of producing fields.

(ix) Optimisation of production from aging fields by infill drilling.

LPG Connections in Assam

418. SHRIMATI BASANTI SARMA: Will the Minister of PETROLEUM AND NATURAL GAS be pleased to state:

(a) the number of new commercial and domestic LPG connections given in Assam during the last five years, year-wise/district-wise;

(b) the number of persons registered till November, 1998 for commercial and domestic LPG connection in the State; and

(c) the details of new domestic and commercial LPG connections likely to be given during the current financial year?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF PETROLEUM AND NATURAL GAS (SHRI SANTOSH KUMAR GANGWAR): (a) A statement is attached [*See* Appendix 185, Annexure No. 10]

(b) The number of persons registered till November, 1998 for domestic LPG connection in Assam and still on wait list is 2.30 lakhs and for commercial connection it is nil. No waitlist register is maintained for release of commercial connections. commercial conections are released as and when the customer approaches the distributor.

(c) Government have allocated 25 lakh new connections and 25 lakh DBCs for the year 1998-99 for release through PSU Oil Companies for the whole country. State-wise allocation of LPG connections is not made. The PSU Oil Companies releases LPG connections to the distributors on the basis of waiting list, slack available, viability of the distributor and the overall enrolment plan for the country.

उत्तर प्रदेश और दिल्ली में रसोई गैस की एजेंसियां

419. **श्री मुनव्वर हसन:** क्या पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) उत्तर प्रदेश और दिल्ली में रसोई गैस के वितरण का कार्य कितनी एजेंसियों को सौंपा गया है;

(ख) वितरण के लिए उन्हें जारी किए गए कनैक्शनों की संख्या कितनी है;

(ग) पिछले तीन वर्षों के दौरान उनके द्वारा प्रदान किये गए अतिरिक्त कनैक्शनों की जिला-वार संख्या कितनी है; और

(घ) अगले दो वर्षों [illegible] के प्रस्ताव किए स्वीकृत किये जाने वाले कनैक्शन और नई एजेंसियों का ब्यौरा क्या है?

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री संतोष कुमार गंगवार): (क) फिलहाल उत्तर प्रदेश और दिल्ली में क्रमशः 679 और 295 एल पी जी डिस्ट्रीब्यूटरशिप प्रचालन में हैं।

(ख) एल पी जी कनेक्शन राज्यवार आधार पर जारी नहीं किए जाते। नए एल पी जी कनेक्शन देशभर में एल पी जी की उपलब्धता, एल पी जी डिस्ट्रीब्यूटरों के पास उपलब्ध स्टॉक और उनकी व्यवहार्यता के आधार पर प्रतीक्षासूची के प्रति चरणबद्ध ढंग से जारी किए जाते हैं।